No. of Printed Pages : 4

Serial No. 6036270

# BRAVO – 55
## 2022

## सामान्य अध्ययन (प्रश्न–पत्र – III)
## GENERAL STUDIES (PAPER – III)

निर्धारित समय : तीन घंटे]
Time Allowed : Three Hours]

[अधिकतम अंक : 200
[Maximum Marks : 200

उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें :

(i) कुल **20** प्रश्न दिए गए हैं । खण्ड – अ से **10** प्रश्न लघु उत्तरीय हैं जिनके **प्रत्येक** उत्तर की शब्द–सीमा **125** तथा खण्ड – ब से **10** प्रश्न दीर्घ उत्तरीय हैं जिनके **प्रत्येक** उत्तर की शब्द सीमा **200** निर्धारित हैं । जो **हिन्दी** और **अंग्रेजी दोनों** में छपे हैं ।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।

(iii) प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

(iv) प्रश्नों में इंगित शब्द–सीमा को ध्यान में रखें ।

(v) उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णत: काट दें ।

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

(i) There are **20** questions. Section – **A** consists of **10** short answer questions with word limit of **125 each** and Section – **B** consists of **10** long answer questions with word limit of **200 each**. The questions are printed **both** in **Hindi** and in **English**.

(ii) **All** questions are **compulsory**.

(iii) The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

(iv) Keep the word limit indicated in the questions in mind.

(v) Any page or portion of the page left blank in the answer booklet must be clearly struck off.

### खण्ड – अ/SECTION – A

1. डिजिटल कृषि से आप क्या समझते हैं ? इससे प्राप्त होने वाले लाभों पर टिप्पणी कीजिए । **8**
What do you understand by digital agriculture ? Comment on its benefits.



Scanned with CamScanner

2. आपूर्ति शृंखला प्रबन्धन क्या है ? भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के सन्दर्भ में इसके महत्व पर प्रकाश डालिए।
What is supply chain management ? Highlight its importance in the context of food processing industry in India. 8

3. पीएम गति शक्ति योजना के स्तम्भों को बताइये। आपके विचार में क्या इससे प्रतियोगिता तथा श्रेष्ठ संयोजकता जनित होगी ? विवेचना कीजिए।
Explain the pillars of PM Gati Shakti Yojana. Do you think that it will create competitiveness and better connectivity ? Discuss. 8

4. वित्तीय समावेशन, सामाजिक न्याय प्राप्त करने के लिए विकास प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। टिप्पणी कीजिए।
Financial inclusion is a critical part of the development process to achieve social justice. Comment. 8

5. भारत सरकार की वर्तमान औद्योगिक नीति का 'मेक इन इन्डिया' तथा 'स्टैण्ड अप इन्डिया' के विशेष संदर्भ में मूल्यांकन कीजिए।
Evaluate the present industrial policy of the Government of India with special reference to 'Make in India' and 'Stand up India'. 8

6. राष्ट्रीय सुरक्षा में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की भूमिका की विवेचना कीजिए। 8
Discuss the role of science and technology in national security.

7. ई–प्रदूषण तथा अन्तरिक्ष प्रदूषण को समझाइये। इसके प्रबन्धन के लिए क्या सुझाव दिए गए हैं ? 8
Explain E-pollution and space pollution. What measures are suggested for its management ?

8. उत्तर प्रदेश में निर्मित हो रहे 'रक्षा गलियारा परियोजना' के महत्व की समीक्षा कीजिए। 8
Examine the importance of 'Defence Corridor Project' being built in Uttar Pradesh.

9. भारत की रक्षा आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुये भारत सरकार की 'अग्निवीर' योजना का विश्लेषण कीजिए। 8
Analyse Government of India's 'Agniveer' plan in the light of India's defence needs.

10. आपदायें कितने प्रकार की होती हैं ? भारत में इसके प्रबन्धन पर व्याख्या कीजिए। 8
What are the types of disasters ? Elucidate its management in India.



Scanned with CamScanner

## खण्ड – ब / SECTION – B

11. "समावेशी संवृद्धि अब विकासात्मक रणनीति का केन्द्रबिन्दु बन गयी है।" भारत के सन्दर्भ में इस कथन की विवेचना कीजिए। इस संवृद्धि की प्राप्ति हेतु उपचारात्मक सुझाव भी दीजिए। 12
"Inclusive growth has now become the central point of developmental strategy." Discuss the statement in the context of India. Also suggest remedial actions to achieve this growth.

12. कौशल विकास की देश के आर्थिक विकास में क्या भूमिका होती है? उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, 2022 के उद्देश्यों और उसकी मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 12
What is the role of skill development in a country's economic development ? Highlight the objectives and main features of Uttar Pradesh Skill Development Mission, 2022.

13. वैश्वीकरण और उदारीकरण की नीतियों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभावों की विशेषतः विदेशी व्यापार, पूँजी प्रवाहों एवं प्रविधि हस्तान्तरण के सन्दर्भ में व्याख्या कीजिए। 12
Discuss the effects of globalisation and liberalisation policies on Indian economy with particular reference to foreign trade, capital flows and technology transfer.

14. भारत में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तीय एवं तकनीकि व्यवहारिकता का परीक्षण कीजिए। देश में सौर ऊर्जा को प्रोत्साहन देने के लिए प्रारम्भ की गई सरकारी योजनाओं पर भी चर्चा कीजिए। 12
Examine the financial and technical viability of solar energy projects in India. Also discuss the Government Schemes launched to promote solar energy in the country.

15. पूर्वी उत्तर प्रदेश के अपेक्षाकृत कम विकसित होने के लिए कौन-से कारक उत्तरदायी हैं ? व्याख्या कीजिए एवं इस क्षेत्र के विकास हेतु उपाय भी सुझाइये। 12
What are the factors responsible for comparative poor development of Eastern Uttar Pradesh ? Discuss and also suggest solutions for development of this region.

16. नैनोसाइंस और नैनोटैक्नोलाजी को परिभाषित कीजिए। विज्ञान और कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में उनकी क्षमता पर विस्तार से चर्चा कीजिए। 12
Define nanoscience and nanotechnology. Explain in detail their potential in different fields of science and agriculture.



Scanned with CamScanner

17. बौद्धिक सम्पदा अधिकारों (IPR) से संबन्धित मुद्दों की चर्चा कीजिए और इनके उल्लंघन को कैसे रोका जा सकता है ? 12

Discuss the issues related to Intellectual Property Rights (IPR) and how their violation can be checked ?

18. सैन्य तथा असैन्य क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धि की भूमिका और प्रभावों की तार्किक व्याख्या कीजिए । 12

Explain logically the role and effects of artificial intelligence in military and civil sectors.

19. स्वतंत्रता के उपरान्त पूर्वोत्तर भारत में व्याप्त विद्रोह की स्थिति को विस्तार से समझाइये । 12

Explain in detail the state of insurgency in North-Eastern India after independence.

20. आपदा प्रबन्धन में सरकार की क्या भूमिका है ? क्या स्थानीय नागरिकों को इसका प्रशिक्षण देना उचित होगा ? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए । 12

What is the role of Government in Disaster Management ? Will it be appropriate to train local citizens for this ? Give reasons in support of your answer.

SEAL

SEAL

Scanned with CamScanner